<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–26 अप्रैल 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान कर उनकी शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने को कहा है।
- यूपी बोर्ड ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित किया, बारहवीं में प्रयागराज की महक जायसवाल और दसवीं में जालौन के यश प्रताप सिंह ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।
- मुख्यमंत्री ने उच्चस्तरीय बैठक में मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों पर दिया बल, उन्होंने मदरसों में शिक्षा को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक बनाने का निर्देश दिया है।
- केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियन दो हजार पचीस को लेकर प्रारंभिक हलफनामा दाखिल कर दिया है, इस मामले में अगली सुनवाई पांच मई को होनी है।

**********

गृह मंत्री अमित शाह ने कल सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से उनके राज्यों में सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने को कहा । श्री अमित शाह ने उन्हें पाकिस्तानी नागरिकों की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने को भी कहा।

इस बीच, गृह सचिव गोविन्द मोहन ने भी सभी राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों से इस आदेश का कडाई से पालन करने को कहा है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने दीर्घावधि वीजा, राजनयिक और अधिकारिक वीजा को छोडकर पाकिस्तानी नागरिकों को जारी सभी वीजा रद्द कर दिए हैं। यह फैसला रविवार से लागू होगा।

**********

पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ प्रदेश भर में विरोध का सिलसिला जारी है। बाईस अप्रैल को कानपुर के शुभम द्विवेदी समेत छब्बीस लोगों की पहलगाम के बैसरन घाटी में आतंकवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। इस हमले को लेकर पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। इसी कड़ी में प्रदेश के विभिन्न जिलों में कल जुमे की नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने पहलगाम हमले के खिलाफ मस्जिद के बाहर इकट्ठा होकर अपना विरोध दर्ज कराया। जौनपुर जिले में अटाला मस्जिद के बाहर प्रदर्शन किया गया। अमरोहा में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने कैंडिल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की और आतंकवाद को मुस्लिम विरोधी बताते हुए कायराना हमले के दोषियों को सजा दिलाने की मांग की। लखनऊ में विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक सगंठनों ने विरोध जताया। वहां कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने परिवर्तन चौराहे से गांधी प्रतिमा तक कैंडिल मार्च निकाल कर श्रद्धांजलि दी।

**********

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष दो हजार पचीस की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं का परिणाम कल घोषित कर दिया। हाई स्कूल में नब्बे दशमलव एक एक प्रतिशत, जबकि इंटरमीडिएट में इक्यासी दशमलव एक पांच प्रतिशत परीक्षार्थी पास हुए हैं। इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रयागराज की महक जायसवाल ने सत्तानवे दशमलव दो शून्य प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अमरोहा की साक्षी, सुल्तानपुर के आदर्श यादव, प्रयागराज की शिवानी सिंह और कौशाम्बी की अनुष्का सिंह ने छानवे दशमलव आठ शून्य प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा और इटावा की मोहिनी ने छानवे दशमलव चार शून्य प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया।

हाईस्कूल में जालौन के यश प्रताप सिंह सत्तानवे दशमलव आठ तीन प्रतिशत अंकों के साथ पहले स्थान पर रहे। इटावा की अंशी और बाराबंकी के अभिषेक कुमार यादव ने सत्तानवे दशमलव छह सात प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा स्थान हासिल किया है, जबकि मुरादाबाद की रितु गर्ग, सीतापुर के अर्पित वर्मा और जालौन की सिमरन गुप्ता सत्तानवे दशमलव पांच शून्य प्रतिशत अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही।

बारहवीं में प्रदेश टॉप करने वाली महक जायसवाल ने कहा कि किसी प्रकार का तनाव लिए बिना पढ़ाई कर उन्होंने ये उपलब्धि हासिल की है।

***मैंने बर्डन ना बना के मेरे घरवालों ने भी कोई प्रेशर नहीं दिया था मैंने माइंड फ्री करके पढ़ाई की है और जो नहीं समझ में आया उसे मैंने बार बार रिपीट करके पढ़ाया डॉक्टर बन के समाज की सेवा करनी है।***

वहीं दसवीं में पहला स्थान पाने वाले यश प्रताप सिंह ने कहा कि उन्होंने कड़ी मेहनत कर ये सफलता पाई है।

***इसका श्रेय में अपने विद्यालय के अध्यापकों को अपने परिवार वालों को अपने सहयोगियों को देना चाहता हूँ जिन्होंने मेरा बहुत ही योगदान दिया मेरी सफलता में।***

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी उत्तीर्ण परीक्षार्थियों को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि प्रदेश स्तर और जनपद स्तर के सभी टॉपर्स का सम्मान किया जायेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की मदरसा शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने मदरसा शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधारों की आवश्यकता पर बल दिया। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

*बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करना होगा कि मदरसे सिर्फ मजहबी शिक्षा केंद्र बनकर न रह जाएं। उनमें अध्ययनरत विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के सभी आयामों का लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि मदरसा शिक्षा को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और रोजगारपरक बनाया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल सुधार नहीं, बल्कि नवाचार और समावेशिता के माध्यम से मदरसा शिक्षा को मुख्यधारा में लाना है, जिससे समाज के प्रत्येक वर्ग को समान अवसर और समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। श्री योगी ने अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन करने को कहा है जिसमें बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, वित्त, न्याय एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभागों के विशेष सचिव सदस्य शामिल होंगे। यह समिति मदरसों के सुचारू संचालन और शिक्षकों की सेवा–सुरक्षा और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक बदलावों पर अपनी संस्तुति देगी। आकाशवाणी समाचार कक्ष से, तनवीर फातिमा।*

**********

केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ संशोधन अधिनियम दो हजार पचीस पर प्रारंभिक हलफनामा दाखिल कर दिया है। एक रिपोर्ट–

*सरकार ने कहा है कि वक्फ अधिनियम 1995 में संशोधन वक्फ कानून का दुरूपयोग रोकने के उद्देश्य से किया गया है। इसके कारण सरकारी परिसंपत्तियों का अतिक्रमण हो रहा था। यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक था कि देश में वक्फ बोर्डों का समुचित प्रशासन और प्रबंधन हो सके ये पारदर्शिता के साथ काम कर सके। सरकार ने कहा है कि पहले पर्याप्त निगरानी के अभाव में सरकारी और निजी परिसंपत्तियों को भी वक्फ संपत्ति घोषित किया गया था। इसीलिए नया अधिनियम प्रभावी उपायों के साथ वक्फ परिसंपत्तियों के पारदर्शी प्रबंधन के लिए पारित किया गया है। सरकार ने कहा है कि कानून के अनुसार न्यायालय संसद में बनाये कानूनों की संवैधानिकता को देखते हुए किसी वैधानिक प्रावधान पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोक नहीं लगा सकते हैं। मामले की अगली सुनवाई पांच मई को होगी। समाचार कक्ष से शशांक कुमार।*

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के लिए फटकार लगाई है। न्यायालय ने उन्हें गैर जिम्मेदाराना बयान देने से बचने को भी कहा। राहुल गांधी ने नवंबर दो हजार बाईस में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के अकोला में श्री सावरकर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। शीर्ष न्यायालय ने कांग्रेस नेता को भविष्य में ऐसी कोई टिप्पणी करने पर उनके खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई शुरू करने की चेतावनी दी।

**********

एक राष्ट्र एक चुनाव को लेकर पूरे देश में चर्चा हो रही है। संगोष्ठी के माध्यम से इसके विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कल राजधानी लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित संगोष्ठी में केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता न्यायमूर्ति रंगनाथ पाण्डेय ने की। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव समय की जरूरत है। बार–बार चुनाव होने से आर्थिक रूप से देश को बहुत नुकसान होता है। पूरे देश में एक चुनाव होने पर धन की जो बचत होगी, उसे विकास कार्यों में लगाया जा सकेगा।

उधर, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना भी गाजियाबाद में एक राष्ट्र–एक चुनाव पर आयोजित युवा परिचर्चा में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे से आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ इक्कीसवीं कड़ी होगी। मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा।

**********